# केंद्रीय विद्यालय संगठन, बेंगलुरु संभाग

KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN: BENGALURU REGION

## प्रथम प्री. बोर्ड परीक्षा 2024-25

FIRST PRE-BOARD EXAMINATION: 2024-25

**Class: X** **Maximum Marks: 80**

**Subject: HINDI** **Time: 3.00 hrs.**

**सामान्य निर्देश:**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए:

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग, घ ।
3. खंड-क में कुल दो प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है ।
4. खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
5. खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 21 है ।
6. खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं ।
7. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।

---

### खंड-'क' (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **(7)**

जिस प्रकार समुद्र में लहरों के ऊपर हिलोरें लेता हुआ जहाज का प्रकाश स्तंभ सही मार्ग-दर्शन कर उसे उसके लक्ष्य तक पहुँचाता है। इसी प्रकार यदि विद्यार्थी का उचित मार्गदर्शन न किया जाए तो वह भटकता ही रहेगा। यह उचित मार्ग-दर्शन अध्यापक के सिवा कौन कर सकता है ? संसार में सभी वंदनीय लोगों के बीच पिता सर्वाधिक वंदनीय है और उससे भी श्रेष्ठ है, विद्या प्रदान करने वाला "आदर्श अध्यापक।" आदर्श अध्यापक विषय का पूर्ण ज्ञाता, विचारों में गंभीर और 'सादा जीवन उच्च विचार' के आदर्श का पालन करने वाला होता है। उसमें ज्ञान की बड़ी ही तीव्र अगस्त्य-पिपासा होती है। वह सच्चे अर्थों में विद्याव्यसनी होता है। **रूफिनी** ने कहा है-अध्यापक उस मोमबत्ती के सदृश है, जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है ।" जिस प्रकार कुम्हार बाहर से घड़े को ठोकता-पीटता है तथा भीतर से हाथ का सहारा देकर खोट निकालकर लोकोपयोगी घट का निर्माण करता है, उसी प्रकार आदर्श अध्यापक भीतर से अपनी सहानुभूति का सहारा देता हुआ, ऊपर से आवश्यकता पड़ने पर वर्जन करता हुआ अपने शिष्य का शुभ निर्माण करता है। वह कदम-कदम पर अपने शिष्य का उचित मार्गदर्शन करता है। प्राचीन समय में अध्यापकों का बड़ा आदर था। समय के साथ-साथ अध्यापक के रूप, स्थिति और सम्मान में भी परिवर्तन आया है। पहले उनका संबंध ईश्वर-भक्त के संबंध जैसा था। आदर्श अध्यापक ही विद्यार्थी के जीवन का मार्गदर्शन होता है। विद्यार्थी

को साधन बनाकर स्वयं गुरु ही इस देश का संचालन करता है, इसलिए हर अध्यापक को चाहिए कि वह विद्यार्थियों को ज्ञान के आलोक से आलोकित करे।

**(i). विद्यार्थियों का उचित मार्गदर्शन कौन कर सकता है ?** **1**

(क). माता-पिता (ख). अध्यापक

(ग). मित्र (घ). परामर्शदाता

**(ii). एक आदर्श अध्यापक एक अच्छा मार्गदर्शन होता है । कथन के लिए उचित विकल्प चुनिए-1**

1. वह अपने छात्रों का कदम-कदम पर उचित मार्गदर्शन करता है।
2. वह अपने छात्रों का सही मार्गदर्शन कर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुँचाता है।
3. वह विद्यार्थियों को परीक्षा से पूर्व प्रश्न-पत्र उपलब्ध कराता है।
4. वह अपने छात्रों के साथ मित्रवत व्यवहार करता है।

**विकल्प**

(क). कथन 1 सही है। (ख). केवल कथन 2 सही है।

(ग). कथन 3 और 4 सही हैं। (घ). कथन 2, 3 और 4 सही हैं।

**(iii). कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-** **1**

**कथन (A):** आदर्श अध्यापक कुम्हार की भाँति होता है।

**कारण (R):** छात्रों को कठोर शारीरिक दंड देकर अनुशासित करता है।

(क). कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

(ख). कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग). कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ). कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(iv). आदर्श अध्यापक में कौन-कौन से गुण होते हैं ?** **2**

**(v). एक आदर्श अध्यापक एक अच्छे विद्यार्थी का निर्माण किस तरह करता है ?** **2**

**2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **(7)**

उठो उठो कर्तव्य न छोड़ो ऐ भारत माँ की संतान
आज मुल्क की शान पुकारे। करो कर्म का तुम सम्मान।।
करो कर्म वैसा जिससे हो भारत-भूतल का उत्थान
बनो कुशल, कुशाग्र बुद्धि तुम जिसमें होवे तेरा मान
आज जरूरत है भारत को कर्मठ वीर जवानों की
आज जरूरत है धरती को कर्मठ वीर किसानों की
हरियाली को गीत-दान दो भू पर सावन स्वर लहरा दो
निज वसंत का स्वर लहराए ऐसी ही भू पर सिंचन दो
त्यागो अब निद्रा जाओ तुम खेतों और खलिहानों में
नई चेतना फिर से ला दो मुरझाए उद्यानों में
तेरे सत्कार्यों के प्रतिफल धरा झूम फिर नाचेगी
भारत की प्रगति शिखा फिर स्वयं प्रज्वलित हो जाएगी।
ऐसा ही सत्कार्य करो तुम ऐ भारत माँ की संतान
आज मुल्क की शान पुकारे करो कर्म का तुम सम्मान।।

**(i). उपर्युक्त कविता में किसका सम्मान करने की बात कही गई है ?** **1**

(क). धर्म का (ख). कर्म का

(ग). देश का (घ). माँ का

**(ii). आज देश को कैसे लोगों की जरूरत है ? उचित विकल्प का चयन कीजिए -** **1**

(क). कुशल लोगों की। (ख). कुशाग्र लोगों की।

(ग). बुद्धिमान लोगों की। (घ). कर्मठ लोगों की।

**विकल्प**

(क). कथन क सही है। (ख). कथन ग और घ सही हैं।

(ग). केवल कथन घ सही है। (घ). कथन ख, ग और घ सही हैं।

**(iii). कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-** **1**

**कथन (A):** देशवासियों के सत्कार्यों से ही देश उन्नति करता है।

**कारण (R):** सभी देशवासी भारत माँ की संतान हैं।

(क). कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

(ख). कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग). कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ). कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(iv). देश को किन लोगों की जरूरत है ?** **2**

**(v). उपर्युक्त कविता के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है ?** **2**

## खंड-'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)

**3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **(1 x 4 = 4)**

**(i).** दो साल तक हालदार साहब अपने काम के सिलसिले में उसे कस्बे से गुजरते रहे और नेताजी की मूर्ति में बदलते हुए चश्मों को देखते रहे। - रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए।

**(ii).** 'अजमेर से पहले पिताजी इंदौर में थे जहाँ उनकी बड़ी प्रतिष्ठा थी।' इस वाक्य को सरल वाक्य में बदलिए।

**(iii).** 'लखनऊ स्टेशन पर खीरा बेचने वाले खीरे के इस्तेमाल का तरीका जानते हैं।' इस सरल वाक्य को मिश्रित वाक्य में बदलिए।

**(iv).** जितेन ने जब अपने संगी-साथियों के साथ नाचना शुरू किया तो देखते-ही-देखते वातावरण महक उठा। - इसे संयुक्त वाक्य में बदलिए।

**(v).** एक दिन वहीं सड़क पर घूम रहा था और एक जले हुए पत्थर पर मैंने एक लंबी उजली छाया देखी। - इस वाक्य को सरल वाक्य में बदलिए।

**4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1 x 4 = 4)**

**(i).** पान वाला नया पान खा रहा था। इस वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए।

**(ii).** 'बीमार व्यक्ति से चला नहीं जाता।' इस वाक्य में कौन-सा वाच्य है ?

**(iii).** 'छात्रों का एक बड़ा समूह विद्यालय जाकर हड़ताल करवा रहा था।' वाक्य में कौन-सा वाच्य है ?

**(iv).** हम पहाड़ों की पूजा करते हैं। इस वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए।

**(v).** मेरे द्वारा हिरोशिमा पर कविता लिखी गई। इस वाक्य को कर्तृवाच्य में बदलिए।

**5. निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का परिचय दीजिए- (1 x 4 = 4)**

**(i).** पिताजी हमें बड़े प्यार से 'भोलानाथ' कहकर पुकारा करते।

**(ii).** पूजा पाठ करने के बाद वह राम-राम लिखने लगते।

**(iii).** धीरे-धीरे हम ऊँचाई की ओर बढ़ने लगे।

**(iv).** हम कटाओं के करीब आ रहे थे।

**(v).** पहाड़ी औरतें पत्थरों पर बैठी पत्थर तोड़ रही थीं।

**6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों की रेखांकित काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचानकर लिखिए- (1 x 4 = 4)**

**(i).** 'उज्जवल गाथा कैसे गाऊँ मधुर चाँदनी रातों की।'

**(ii).** सुनत जोग लागत है ऐसौ ज्यों करुई ककरी।'

**(iii).** छोड़कर तालाब मेरी झोपड़ी में खिल रहे जलजात।

**(iv).** 'यह दंतुरित मुस्कान मृतक में भी डाल देगी जान।'

**(v).** 'जैसे समेटता हो मुख्य गायक का पीछे छूटा हुआ सामान, जैसे उसे याद दिलाता हो उसका बचपन, जब वह नौसिखिया था।'

## खंड-'ग' (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक)

**7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1 x 5 = 5)**

अब हालदार साहब को बात कुछ-कुछ समझ में आई। एक चश्मेवाला है जिसका नाम कैप्टन है। उसे नेताजी की बगैर चश्मे वाली मूर्ति बुरी लगती है। बल्कि आहत करती है, मानो चश्मे के बगैर नेताजी को असुविधा हो रही हो इसलिए वह अपनी छोटी-सी दुकान में उपलब्ध गिने-चुने फ्रेमो में से एक नेताजी की मूर्ति पर फिट कर देता है। लेकिन जब कोई ग्राहक आता है और उसे वैसे ही फ्रेम की दरकार होती है जैसा मूर्ति पर लगा है तो कैप्टन चश्मेवाला मूर्ति पर लगा फ्रेम-संभवत नेताजी से क्षमा माँगते हुए-लाकर ग्राहक को दे देता है और बाद में नेताजी को दूसरा फ्रेम लौटा देता है। वाह। भई खूब। क्या आइडिया है।

**(i). हालदार साहब को कौन-सी बात समझ में आ गई ?**

(क). स्वतंत्रता सेनानी का नाम कैप्टन है। (ख). चश्मे वाले का नाम कैप्टन है।
(ग). कैप्टन एक फौजी है। (घ). कैप्टन पागल है।

**(ii). नेताजी की मूर्ति की विशेषता है- कथन के लिए उचित विकल्प चुनिए-**

1. मूर्ति चश्मे वाली थी।
2. मूर्ति बगैर चश्मे वाली थी।
3. मूर्ति बहुत सुंदर थी।
4. मूर्ति विशाल थी।

**विकल्प**

(क). कथन 1 सही है। (ख). कथन 3 और 4 सही हैं।
(ग). केवल कथन 2 सही है। (घ). कथन 2, 3 और 4 सही हैं।

**(iii). कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन (A):** कैप्टन को मूर्ति आहत करती थी।

**कारण (R):** कैप्टन एक कलाप्रेमी व्यक्ति था।

(क). कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
(ख). कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(ग). कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(घ). कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(iv). इस गद्यांश का मूल भाव क्या है - उचित विकल्प चुनिए-**

1. मूर्ति की विशेषता बताना।
2. ग्राहक की विशेषता बताना।
3. चश्मे की विशेषता बताना।
4. कैप्टन की देशभक्ति बताना।

**विकल्प**

(क). कथन 1 सही है। (ख). कथन 3 और 4 सही हैं।
(ग). केवल कथन 4 सही है। (घ). कथन 2, 3 और 4 सही हैं।

**(v). हालदार साहब ने कैप्टन के किस आइडिया की प्रशंसा की?**

(क). ग्राहक को चश्मा दिखाने की।
(ख). पत्थर की मूर्ति को रियल चश्मा पहनाने की।
(ग). मूर्ति तथा ग्राहक दोनों को चश्मा देने की शैली की।
(घ). मूर्ति पर चश्मा लगाने की।

**8. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए-** **(2 x 3 = 6)**

(क). 'ऊपर की तस्वीर से यह नहीं माना जाए कि बाल गोबिन भगत साधु थे। फिर भी उन्हें साधु माना जाता था।' उनमें साधु की कौन-कौन-सी विशेषताएँ थीं ?

(ख). 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर बताइए की लेखिका के मन में गहरी हीनभावना पनपने का क्या कारण था ?

(ग). नवाब साहब के सामने लेखक की उपस्थिति असुविधा और संकोच पैदा करने वाली कैसे हो गई ?

(घ). 'काशी में बाबा विश्वनाथ और बिस्मिल्ला खाँ एक-दूसरे के पूरक हैं। 'नौबतखाने में इबादत' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ?

**9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **(1 x 5 = 5)**

बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, योग-सन्देश पठाए।
उधौ भले लोग आगे के, पर हित डोलत धाए।
अब अपनै मन फेर पाइहैं, चलत जु हुते चुराए।
ते क्यों अनीति करैं आपुन, जे और अनीति छुडाए।
राजधर्म तो यहै 'सूर', जो प्रजा न जाहिं सताए।

**(i). पद में वक्ता और श्रोता क्रमशः हैं-**

(क). सूरदास, गोपियाँ। (ख). उद्धव, सूरदास।
(ग). गोपियाँ, उद्धव,। (घ). उद्धव, गोपियाँ।

**(ii). बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी- पंक्ति में किसकी ओर संकेत है ? सही विकल्प का चयन कीजिए-**

1. उद्धव की बुद्धि की ओर। 2. श्रीकृष्ण की बुद्धि की ओर।
3 गोपियों की बुद्धि की ओर। 4. राजा की बुद्धि की ओर।

**विकल्प**

(क). कथन 1 सही है। (ख). कथन 3 और 4 सही हैं।
(ग). कथन 2, 3 और 4 सही हैं। (घ). केवल कथन 2 सही है।

**(iii). कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन (A):** श्रीकृष्ण द्वारा गोपियों को सताया जाना उचित नहीं है।

**कारण (R):** राजा का धर्म है कि वह प्रजा को नहीं सताए।

(क). कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
(ख). कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(ग). कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(घ). कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(iv). गोपियों के अनुसार श्रीकृष्ण को क्या पता होना चाहिए ?**

(क). राजधर्म। (ख). पतिधर्म।

(ग). मानवधर्म। (घ). उपर्युक्त सभी।

**(v). काव्यांश के अनुसार राजधर्म से क्या तात्पर्य है ? सही विकल्प का चयन कीजिए-**

1. प्रजा पर शासन करना।
2. प्रजा का कल्याण करना।
3. प्रजा को नहीं सताना।
4. प्रजा से कर वसूलना।

**विकल्प**

(क). कथन 1 सही है। (ख). कथन 3 और 4 सही हैं।

(ग). केवल कथन 3 सही है। (घ). कथन 2, 3 और 4 सही हैं।

**10. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (2 x 3 = 6)**

(क). 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' पाठ के आधार पर लक्ष्मण की विशेषताएँ लिखिए।

(ख). 'उज्जवल गाथा कैसे गाऊँ, मधुर चाँदनी रातों की'- इस पंक्ति का क्या आशय है ? पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग). 'उत्साह' कविता में कल्पना और क्रांति चेतना दोनों का समावेश है। स्पष्ट कीजिए।

(घ). 'अट नहीं रही है' कविता में कवि ने फागुन मास के सौंदर्य को किस प्रकार चित्रित किया है ?

**11. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए- (4 x 2 = 8)**

(क). 'कटाओ' हिंदुस्तान का स्विट्जरलैंड है। 'साना-साना हाथ जोडि' पाठ के आधार पर 'कटाओ' के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए।

(ख). 'माता का अंचल' पाठ में चित्रित ग्राम्य संस्कृति आज की ग्रामीण संस्कृति से किस प्रकार भिन्न है ?

(ग). 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर लिखिए कि आपके विचार से विज्ञान का दुरुपयोग कैसे हो रहा है और उससे कैसे बचा जा सकता है ?

## खंड-'घ' (रचनात्मक लेखन)

**12. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- (6 x 1 = 6)**

**(क). पुस्तकों का महत्त्व**

**संकेत-बिंदु-** भूमिका, पुस्तकों का जीवन पर प्रभाव, मानवीय दृष्टिकोण को प्रभावित करती हैं, सबसे अच्छी मित्र।

**(ख). विनम्रता का मूल्य**

**संकेत-बिंदु-** अर्थ, मानव जीवन की उपयोगिता, प्रभाव।

**(ग). समय का सदुपयोग**

**संकेत-बिंदु-** भूमिका, मानव जीवन के निर्माण में समय की भूमिका, समय के सदुपयोग का महत्त्व, प्रभाव।

**13.** (क). आप दिव्यांशी/दिव्यांश हैं। बसों की कमी के कारण गाँव के लोगों को हो रही असुविधा पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

**(5 x 1 = 5)**

**अथवा**

(ख). आप विभा/वैभव हैं। अपने छोटे भाई को एक अच्छी कंपनी में मैनेजर की नौकरी मिलने पर लगभग 100 शब्दों में बधाई-पत्र लिखिए।

**14.**(क). आप मनीष/मनीषा हैं। आपने बी.एस-सी. की परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त की है। अपनी शैक्षणिक योग्यताओं और रूचि का वर्णन करते हुए जल आपूर्ति विभाग में कार्यालय सहायक के रिक्त पद के लिए संक्षिप्त स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए। **(5 x 1 = 5)**

**अथवा**

(ख). आप मोहन/मोहिनी हैं। आपकी सोसाइटी के पार्क में बहुत अधिक गंदगी रहती है। इस समस्या की ओर संबंधित अधिकारियों का ध्यान दिलाने के लिए किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।

**15.** (क). प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से निर्मित सौंदर्य बढ़ाने और त्वचा को निखारने वाली किसी क्रीम के लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **(4 x 1 = 4)**

**अथवा**

(ख). अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपनी बड़ी बहन को शुभकामनाएँ देते हुए 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए।

**------------------------ समाप्त ------------------------**